# अर्द्धवार्षिक परीक्षा:– 2021–22

## कक्षा:– 11वीं

## विषय:–लेखा शास्त्र

समय :– 3 घण्टे पूर्णांक :– 80

निर्देश :–

1. सभी प्रश्न करना अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न क्र 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिसमें सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 07 अंक, सही जोड़ी 06 अंक, एक वाक्य में उत्तर 07 अंक, सत्य/असत्य 06 अंक के हैं।
3. प्रश्न क्र 6 से 15 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है, जिसकी शब्द सीमा 30 शब्द है।
4. प्रश्न क्र 16 से 19 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है, जिसकी शब्द सीमा 75 शब्द है।
5. प्रश्न क्र 20 से 23 तक विश्लेषणात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये 4 अंक है, जिसकी शब्द सीमा 120 शब्द है।
6. संख्यात्मक प्रश्नों में शब्द सीमा का काई बंधन नहीं है।
7. प्रश्न क्र 6 से 23 तक सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

प्र.1 सही विकल्प चुनिए – $1 \times 6 = 6$ अंक

1. व्यापारी द्वारा अपने ग्राहकों को माल खरीदते समय उसके अंकित मूल्य में जो छूट दी जाती है, कहलाती है–

(अ) नकद बट्टा (ब) व्यापारिक बट्टा

(स) कमीशन (द) दलाली

2. ह्रास का लेखा नहीं किया गया, जिससे वर्ष का लाभ बढ़ गया। किस सिद्धांत का पालन नहीं किया गया –

(अ) लागत सिद्धांत (ब) एकरूपता सिद्धांत

(स) पूर्ण प्रकटीकरण सिद्धांत (द) रूढ़िवादी सिद्धांत

3. यदि किसी एक लेन देन के नाम एवं जमा पक्ष का लेखा रोकड़बही में किया जाता है तो यह है –

(अ) साधारण प्रविष्टि (ब) द्विपक्षीय प्रविष्टि

(स) एकाकी प्रविष्टि (द) विपरीत प्रविष्टि



https://www.mpboardonline.com

4. किस खाते का शेष तलपट में नामे पक्ष में दर्शाया जाता है–
   (अ) लेनदार (ब) पूँजी
   (स) रोकड़ (द) बैंक अधिविकर्ष
5. मूल्य ह्रास का सम्बन्ध है–
   (अ) चालू सम्पत्तियों से (ब) स्थायी सम्पत्तियों से
   (स) विनियोग से (द) रोकड़ से
6. बैंक समाधान विवरण तैयार किया जाता है–
   (अ) व्यवसायी द्वारा (ब) बैंक द्वारा
   (स) अंकेक्षक द्वारा (द) इनमें से कोई नहीं

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 1 × 7 = 7 अंक

1. लेखांकन , व्यावसायिक लेन देनों को ..................रूप में मापती है।
2. एक ही समय के आगम और व्ययों को पहचानना ................ संकल्पना कहलाता है।
3. लेनदेन के डेबिट और क्रेडिट दोनों पहलुओं को .................. प्रमाणक में दिखाया जाता है।
4. ................पुस्तक में लेखा डेबिट नोट के आधार पर किया जाता है।
5. जब बैंक से राशि निकाली जाती है, तब बैंक द्वारा ग्राहक का खाता ................किया जाता है।
6. एक दूसरे के प्रभाव को समाप्त करने वाली अशुद्धियाँ................. कहलाती हैं।
7. सम्पत्ति के मूल्य में अस्थायी वृद्धि या कमी को ...................... कहते हैं।

प्र.3 सही जोड़ी बनाइये– 1 × 6 = 6 अंक

| कॉलम (अ) | कॉलम (ब) |
|---|---|
| 1. मौद्रिक मापन | – लेन देन के दोनों पहलुओं का लेखा |
| 2. लेनदेनों की पहचान | – रोजनामचा |
| 3. दोहरा लेखा प्रणाली | – खाता |
| 4. व्यापारिक लेनदेनों का तिथिवार लेखा | – मुद्रा में प्रकट करना |



https://www.mpboardonline.com

5. मद विशेष से संबंधित
लेन देन का लेखा — अशुद्धियों का सुधार

6. सही वित्तीय स्थिति हेतु — लेखांकन की प्रथम अवस्था

प्र.4 एक वाक्य में उत्तर दीजिये— $1 \times 7 = 7$ अंक

1. स्वामी के द्वारा व्यापार में विनियोजित राशि कहलाती है?
2. किस सिद्धांत के अनुसार एक समान लेखा विधि अपनाना चाहिए?
3. मशीन के क्रय को मशीन खाते के किस पक्ष में लिखा जाएगा?
4. वह कौन सी बही है, जो सहायक बही तथा प्रधान बही दोनों होती है?
5. तलपट में अंतिम स्कंध कब लिखा जाता है?
6. सम्पत्ति के अनुपयोगी होने के पश्चात् उसके विक्रय मूल्य को क्या कहते हैं? https://www.mpboardonline.com
7. बैंक द्वारा ग्राहक के खाते की नकल के रूप में ग्राहक को कौन सी पुस्तक दी जाती है?

प्र.5 सत्य/असत्य में उत्तर लिखिए — $1 \times 6 = 6$ अंक

1. लेखांकन में गुणात्मक सुचनाओं का अभाव रहता है।
2. प्रमाणक लेन—देन का लिखित प्रमाण है।
3. रोकड़ बही में बट्टा स्तम्भ का शेष निकाला जाता है।
4. बैंक वित्तीय वर्ष के अंत में बैंक समाधान विवरण बनाता है।
5. गलत लेखों की अशुद्धियों को तलपट प्रकट नहीं करता है।
6. मूल्य ह्रास परिसम्पत्ति के मूल्य में अस्थायी परिवर्तन है।

प्र.6 डूबत ऋण से क्या तात्पर्य है? 2 अंक

अथवा

स्कंध से क्या आशय है ?

प्र.7 पूर्ण प्रकटीकरण की अवधारणा से क्या आशय है? 2 अंक

अथवा

लागत संकल्पना से क्या आशय है?

प्र.8 आई.जी.एस. टी. से क्या आशय है? 2 अंक

अथवा

एस.जी.एसी.टी. से क्या आशय है?

प्र.9 सम्पत्ति खाते के डेबिट व क्रेडिट करने के नियम लिखिए। 2 अंक

अथवा

पूँजी खाते के डेबिट व क्रेडिट करने के नियम लिखिए।



https://www.mpboardonline.com

प्र.10 रोजनामचा से क्या आशय है? 2 अंक

अथवा

संयुक्त प्रविष्टियाँ से क्या आशय है?

प्र.11 रोकड़ बही की परिभाषा लिखिए। 2 अंक

अथवा

क्रय पुस्तक को बीजक बहीं क्यो कहते है?

प्र.12 पृष्ठांकन किसे कहते है? 2 अंक

अथवा

पृष्ठांकन के दो लाभ लिखिए।

प्र.13 बैंक समाधान विवरण से क्या आशय है? 2 अंक

अथवा

बैंक समाधान विवरण के दो लाभ लिखिए?

प्र.14 छूट जाने वाली की अशुद्धियों से क्या आशय है? 2 अंक

अथवा

उचंत खाता से क्या तात्पर्य है?

प्र.15 मूल्य ह्रास की परिभाषा लिखिए? 2 अंक

अथवा

मूल्य ह्रास एवं अप्रचलन में दो अंतर लिखिए?

प्र.16 लेखांकन के तीन उद्देश्य लिखिए? 3 अंक

अथवा

लेखांकन सूचना की गुणवत्ता के निर्धारक तीन तत्वों का वर्णन कीजिए।

प्र.17 नकलबही एवं खाता बही में अंतर लिखिए। 3 अंक

अथवा

राजकुमार का खाता तैयार कीजिए–

| 2019 | | Rs. |
|---|---|---|
| अप्रैल 1 | प्रारंभिक जमा शेष | 6300 रू. |
| अप्रैल 5 | उन्हें नगद भुगतान किया | 5000 रू. |
| अप्रैल 8 | उनसे उधार माल खरीदा | 3000 रू. |
| अप्रैल 20 | उन्हें माल वापस किया | 1500 रू. |
| अप्रैल 25 | उन्हें माल का आदेश दिया | 2000 रू. |

प्र.18 ऐसे तीन व्यवहारों को लिखिए जिनका लेखा रोकड़ बही में हो चुका है, किन्तु पास बुक में नहीं। 3 अंक



https://www.mpboardonline.com

अथवा

ऐसे तीन व्यवहारों को लिखिए जिनका लेखा पास बुक में हो चुका है किन्तु रोकड़ बही में नहीं।

प्र.19 मे. राहुल एण्ड संस की पुस्तकों में 31 मार्च 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए तलपट तैयार कीजिए— 3 अंक

प्रारम्भिक स्कंध 13200 रू, पूँजी 46000 रू, रोकड. 2400 रू, कमीशन **(dr),** 500 रू, क्रय 23800 रू, बैंक 5100 रू, आहरण 1240 रू, बट्टा **(dr)** 240 रू, वेतन 3720 रू, फर्नीचर 2200 रू, मजदूरी 9720 रू, विक्रय 40960 रू, किराया 2520 रू, देनदार 27040 रू, विविध व्यय 4120 रू, लेनदार 8840 रू.

अथवा

तलपट पर प्रभाव न डालने वाली 3 अशुद्धियों का वर्णन कीजिए।

प्र.20 लेखांकन सिद्धांतों का महत्व समझाइए। 4 अंक

अथवा

दोहरा लेखा प्रणाली की चार विशेषताएँ समझाइए।

प्र.21 निम्न लिखित व्यवहारों से रोजनामचा में प्रविष्टि कीजिए— 4 अंक

| 2019 | | Rs. |
|---|---|---|
| जन. 1 | रोकड़ से व्यापार प्रारंभ किया | 100000 |
| जन. 5 | नकद माल खरीदा | 5000 |
| जन. 8 | रमेश को माल बेचा | 3000 |
| जन. 15 | फर्नीचर उधार खरीदा | 1500 |
| जन. 20 | नकद माल बेचा | 2000 |
| जन. 31 | किराया दिया | 500 |

अथवा

**CGST @ 5%** और **SGST 5%** पर यह मानते हुए कि सभी लेनदेन भोपाल के अंदर हुए हैं। जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए—

1. शोभित ने उधार माल खरीदा 100000 रू.
2. शोभित ने यही माल 120000 रू. पर भोपाल में उधार बेचा।
3. शोभित ने 8000 रू. मूल्य का प्रिंटर खरीदा।
4. 2000 रू. डाक व्यय थे।

प्र.22 निम्नलिखित व्यवहारों को साधारण रोकड़ बही में लिखिए— 4 अंक



https://www.mpboardonline.com

| 2019 | | Rs. |
|---|---|---|
| अप्रैल 1 | रोकड़ से व्यापार प्रारंभ किया | 10000 |
| अप्रैल 5 | नकद माल खरीदा | 5000 |
| अप्रैल 7 | मशीन खरीदी | 3000 |
| अप्रैल 15 | नकद माल बेचा | 1000 |
| अप्रैल 30 | वेतन दिया | 500 |

अथवा

सहायक बहियाँ रखने के 4 लाभ लिखिए।

प्र.23 मूल्य ह्रास उत्पत्ति के प्रमुख कारण समझाइए। 4 अंक

अथवा

मूल्य ह्रास की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

.......000.......

https://www.mpboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भैजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से



https://www.mpboardonline.com